आदेश

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश संख्याःडीजी–चार–स्था0–500/2024/1416 दिनांक 23.07.2024 द्वारा मुख्य आरक्षी ना0पु0/942331125 मुकेश बाबू दीक्षित का कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड में 02 वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर किया गया स्थानांतरण कर्मी के वर्तमान में जनपद बरेली में नियुक्त होने के कारण संशोधित करते हुए जनपद बरेली से उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड में 02 वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरित किया जाता है। प्रतिनियुक्ति अवधि 02 वर्ष समाप्त होने के उपरान्त बिना किसी आदेश की प्रतीक्षा किये उक्त मुख्य आरक्षी को इस मुख्यालय के प्रतिनियुक्ति प्रकोष्ठ हेतु वापस कर दिया जाये।

यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्याःएएसपी–(ई–1)–(अनुकम्पा)–541/ 2024 दिनांक 06.08.2024** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा हैः–

उक्त कर्मी के विरूद्ध कोई अभियोग पंजीकृत किया गया हो, विगत 05 वर्ष में कोई वृहद दण्ड, विगत 01 वर्ष में कोई छुद्र दण्ड प्रदान किया गया हो, सत्यनिष्ठा रोकी गयी हो एवं प्रतिकूल मन्तव्य अंकित हो तो प्रतिनियुक्ति स्थानांतरण पर कार्यमुक्त न कर वस्तुस्थिति से इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

DGP HQRS UP LKW

DG-IV-STHA(541)2024/1572 DT 06-08-2024

(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक(स्थापना),
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक(कार्मिक),
उ0प्र0 लखनऊ।

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चतुर्थ तल,(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002

संख्याःडीजी–चार–स्था0–(541)/2024/1572 **दिनांकःअगस्त 06, 2024**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. पुलिस आयुक्त, गौतमबुद्धनगर।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कि कृपया उक्त मुख्य आरक्षी ना0पु0 को तत्काल कार्यमुक्त करते हुए सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।
3. पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त मुख्य आरक्षी ना0पु0 के आगमन की सूचना से सर्वसम्बंधित को अवगत कराने का कष्ट करें एवं प्रतिनियुक्ति अवधि 02 वर्ष समाप्त होने के उपरान्त इस मुख्यालय के प्रतिनियुक्ति प्रकोष्ठ हेतु कार्यमुक्त करने का कष्ट करें। यदि कोई नीतिगत बाधा हो तो इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी प्रतिनियुक्ति प्रकोष्ठ, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ को उपरोक्त सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।